UPSD180013982022

Bail Application/13/2022

**न्यायालय सिविल जज (जू०डि०)/न्यायिक मजिस्ट्रेट डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।**

जमानत प्रार्थना पत्र संख्या – १३/२०२२

राज्य बनाम संतोष कुमार शुक्ला

मुकदमा अपराध संख्या– १३९/२०२२
धारा–२७९, ३३७, ३३८ भा०दं०सं०
थाना – भवानीगंज, सिद्धार्थनगर।

**<u>दिनांक–१८.११.२०२२</u>**

**<u>निस्तारण जमानत प्रार्थनापत्र</u>**

यह जमानत प्रार्थनापत्र प्रार्थी/अभियुक्त संतोष कुमार शुक्ला द्वारा मु०अ०सं०–१३९/२०२२, राज्य बनाम संतोष कुमार शुक्ला अन्तर्गत धारा–२७९, ३३७, ३३८ भा०दं०सं०, थाना भवानीगंज, जनपद सिद्धार्थनगर के मामले में जमानत पर रिहा किये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है।

जमानत प्रार्थनापत्र में कथन किया गया है कि अभियुक्त बिल्कुल निर्दोष व बेकसूर है। कोई जुर्म कारित नहीं किया है। रंजिशन फंसा दिया गया है। प्रार्थी शान्तिपूर्वक गाड़ी चला रहा था उसे फर्जी फंसा दिया गया है। प्रार्थी के ऊपर लगी जुर्म धारायें जमानतीय हैं। अतः जमानत मुचलका पर रिहा किये जाने की याचना की गयी है।

विद्वान सहायक अभियोजन अधिकारी को जमानत प्रार्थनापत्र पर सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

प्रार्थी/अभियुक्त संतोष कुमार शुक्ला मु०अ०सं०–१३९/२०२२, राज्य बनाम संतोष कुमार शुक्ला अन्तर्गत धारा–२७९, ३३७, ३३८ भा०दं०सं० में न्यायालय में आत्मसमर्पण कर न्यायिक अभिरक्षा में है। अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित जुर्म धारायें जमानतीय हैं। अतः आधार जमानत पर्याप्त है।

**<u>आदेश</u>**

प्रार्थी/अभियुक्त संतोष कुमार शुक्ला द्वारा मु०अ०सं०– १३९/२०२२ अन्तर्गत धारा–२७९, ३३७, ३३८ भा०दं०सं० में प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। अभियुक्त उपरोक्त द्वारा मु० बीस हजार रुपये का स्वबंधपत्र व समान धनराशि के दो प्रतिभू दाखिल करने पर जमानत पर रिहा किया जाय।

**दिनांक–१८.११.२०२२**

**(अखिलेश पटेल)**
**जे.ओ.कोड–यू.पी.३६५०**
**सिविल जज (जू०डि०)/जे०एम०**
**डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर।**